दिनांक : 30.11.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रधानमंत्री पुलिस सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओडिशा के भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। तीन दिन के इस सम्मेलन का कल केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उद्‌घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी कल भी इस सम्मेलन में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा है कि प्रधानमंत्री ने अनौपचारिक चर्चाओं और नए विचारों को बढ़ावा देने के लिए हमेशा सम्मेलन में गहरी रूचि दिखाई है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों के बारे में चर्चा करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा से जुड़े प्रशासकों के लिए यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण मंच है। सम्मेलन में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, तटवर्ती सुरक्षा, साइबर अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने सहित नए आपराधिक कानूनों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। सम्मेलन के दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी प्रदान किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जर्मनी और यूके की छह दिन की यात्रा पूरी कर आज भारत लौट आए। दिल्ली पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान जर्मनी में उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश स्किल्ड मैनेजमेंट और प्राकृतिक संसाधनों से सम्पन्न है। लैप समूह की मध्यप्रदेश में एक दशक से ज्यादा की उपस्थिति इस बात को दर्शाती है कि मध्यप्रदेश की पहुँच देश ही नहीं दक्षिण एशिया के बाजारों तक है। समूह ने बैंगलुरू के बाद मध्यप्रदेश को अपना बेस बना कर 100 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जर्मन निवेशकों को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के साथ ही मध्यप्रदेश में भी निवेश की संभावनाओं का विस्तार हुआ है और उनके विजनरी नेतृत्व में हमारी ताकत दोगुना हो जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जर्मनी यात्रा के दौरान शुक्रवार को स्टटगार्ट में लैप (LAPP) ग्रुप के सीईओ श्री मैथियास लैप और उनकी टीम के साथ फैक्ट्री का दौरा किया।

कृषि बैठक

केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री और क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान ने आज रायसेन में दिशा समिति की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, आयुष्मान भारत सहित अन्य योजनाओं के

क्रियान्वयन तथा विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, विधायक प्रभुराम चौधरी, सुरेंद्र पटवा, देवेंद्र पटेल सहित जिला अधिकारी उपस्थित हैं।

चीता कॉरिडोर

केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रदेश में चीतों के संरक्षण के लिए चीता कॉरिडोर बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि कूनो सेवाई माधोपुर आदि क्षेत्र को कॉरिडोर में शा मिल किया जा सकता है।

महाबोधि उत्सव

रायसेन जिले में सांची के स्तूप परिसर के पास स्थित चैत्यगिरी विहार मंदिर में दो दिवसीय सांची महाबोधि महोत्सव आज भगवान गौतम बुद्ध के परम शिष्य महामोदग्लायन एवं सारिपुत्र की पवित्र अस्थियों के पूजन किए जाने के साथ शुरू हुआ। पवित्र अस्थि कलश को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए रखा गया। अस्थि कलश की पूजा से पूर्व वियतनाम के दल द्वारा भगवान गौतम बुद्ध की शोभायात्रा निकाली गई। विशेष पूजा अर्चना के दौरान देश विदेश के बौद्ध धर्म के श्रद्धालु मौजूद रहे। महाबौद्धि महोत्सव को लेकर चैत्यगिरि विहार मंदिर की आकर्षक रंग बिरंगे फूलों से विशेष साज सज्जा की गई। कार्यक्रम में शामिल हुए विद्वानों ने भगवान बुद्ध के शांति के संदेश को जीवन में आत्मसात किए जाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल मौजूद रहे। दो दिवसीय महोत्सव में आज शाम केन्द्रीय अल्पसंख्यक तथा संसदीय कार्य विभाग मंत्री किरेन रिजिजू औपचारिक शुभारंभ करेंगे। दो दिन तक महोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

समाचार संक्षेप में ....

- नर्मदापुरम जिले में कल एक दिसम्बर विश्व एड्स दिवस परएचआईव्ही एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दो दिसंबर से विश्व एड्स दिवस सप्ताह के अंतर्गत कार्यशाला, रैली, परिचर्चा, आदि आयोजित की जाएंगी।